# रिटायर्ड जस्टिस लोढ़ा पाली में प्रदूषण देख सख्त नाराज दिखे

**पाली**,(नि.सं.)। सुप्रीम कोर्ट की उच्च स्तरीय कमेटी ने रविवार को भी पाली के प्रदूषण की स्थिति को जांची। हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज संगीत लोढ़ा ने प्रदूषण की भयावह हालत को देखकर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने गंभी टिप्पणी करते हुए पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर दिया।

सेवानिवृत्त जस्टिस संगीत लोढ़ा अपनी टीम के साथ बांडी नदी में मास्क लगाकर उतरे।

उन्होंने दूसरे दिन भी पाली में ही कैंप कर ट्रीटमेंट प्लांट्स (सीईटीपी1-2, 3 और 6) का जायजा लिया। लोढ़ा के निर्देश पर टीम ने जगह-जगह रंगीन जहरीले पानी के सैंपल लिए।

जस्टिस लोढ़ा ने सीईटीपी को खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने नेहड़ा बांध को देखकर कहा कि बांध की ऐसी हालत कर दी आपने, इस पानी को देखकर लगता है कि किसान सही कह रहे। इंडस्ट्री चलानी है तो नदी बचाओ।

सुबह सवा दस बजे शुरू हुआ निरीक्षण शाम तक चला। जस्टिस लोढ़ा ने सबसे पहले रोटरी क्लब के पास बांडी नदी देखी, फिर मंडिया रोड सीईटीपी 1-2 के पीछे जाकर नदी में उतरे। यहां अपशिष्ट और कचरे के ढेर देखकर गुस्से में बोले। उन्होंने कहा कि कभी नेहड़ा बांध जाकर स्थिति देखी है। मैं पूरा बेल्ट घूमकर आया हूं। सब पता है क्या चल रहा है। ऐसी स्थिति में कैसे चलेगी इंडस्ट्री। किसान वागाराम विश्नोई, नाथू दान, हनुमान पटेल आदि ने आरोप लगाया कि कई फैक्ट्रियां अभी भी अवैध पाइप से रंगीन पानी सीधे नदी में छोड़ रही हैं।

जस्टिस लोढ़ा ने जिला कलेक्टर एलएन मंत्री से कहा कि वर्तमान स्थिति देखकर बताओ, कैसे चल सकती है इंडस्ट्री। यह केमिकल युक्त कचरा यहां क्यों पड़ा है, आप जिम्मेदार हो, फिर क्या करते हो।

पूनायता औद्योगिक क्षेत्र में सीईटीपी-6 के पास स्लज का ढेर देखा तो फिर नाराजगी जताई व कहा कि इसका निपटारा कैसे करोगे, अधिकारियों से सीधा सवाल किया।



**सुप्रीम कोर्ट की उच्च स्तरीय कमेटी ने सेवानिवृत्त जस्टिस संगीत लोढ़ा क नेतृत्व में पाली क्षेत्र के प्रदूषण की स्थिति को जांचा।** फोटो-राष्ट्रदूत

## 'अरावली को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भ्रम फैला रहे हैं'

**जोधपुर**, (कासं)।राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने अरावली को लेकर विपक्ष के बयानों को तथ्यहीन और अनर्गल बताते हुए कहा कि अरावली के मौलिक स्वरूप को जो क्षति पहुँची है, वह पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के विभिन्न कार्यकालों के दौरान लिए गए गलत निर्णयों का ही परिणाम है। आज उसी का ठीकरा सरकार के माथे फोड़ने के लिए विपक्ष भ्रम फैलाने में जुटा है।

सांसद गहलोत ने अरावली संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा हाल ही में जारी निर्देशों एवं निर्णयों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पुलिस सहित विभिन्न विभागों को स्पष्ट उत्तरदायित्व सौंपते हुए अरावली के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

इसी क्रम में अरावली के बचाव और हरित विकास के लिए 250 करोड़ की विशेष योजना बनाई गई है, जिसके माध्यम से क्षेत्र का समग्र पर्यावरणीय संरक्षण किया जाएगा साथ ही राज्य सरकार ने नए खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाते हुए अरावली के संपूर्ण भू-भाग की सुरक्षा के निर्देश जारी किए हैं। अरावली से जुड़े 20 जिलों में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के लिए 15 जनवरी तक सभी विभागों का संयुक्त विशेष अभियान चलाया जाएगा।

राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि पिछले लगभग दो पखवाड़ों से अरावली को लेकर विपक्ष, विशेषकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा भ्रम फैलाने का एक सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है।

# नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया



**जालोर में जीवीबाई गेनमल सोलंकी चेरिटेबल ट्रस्ट ने नेत्र जांच शिविर लगवाया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जीवी बाई गेनमल सोलंकी चैरिटेबल ट्रस्ट, जालोर एवं जिला अंधत्व निवारण समिति जालोर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सोलंकी परिवार की ओर से निःशुल्क लेंस युक्त नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन राजेंद्र सूरी जैन दादाबाडी, नागरिक बैंक के पास जालोर में आयोजित हुआ।

ट्रस्ट की मंजू सोलंकी ने बताया कि शिविर में आंखों से संबंधित समस्त प्रकार की बीमारियों की जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर बेंगलुरु की प्रतिष्ठित संस्था प्रोजेक्ट दृष्टि के अध्यक्ष, कर्नाटक सरकार द्वारा सम्मानित सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ, कर्नाटक नेत्र ज्योति सेवा शिरोमणि, जालोर निवासी शल्य चिकित्सा सम्मान एवं कर्नाटक राज्य उत्सव पुरस्कार से सम्मानित डॉ. नरपत सोलंकी पुत्र मांगीलाल सोलंकी सी ए सहित प्रोजेक्ट दृष्टि के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा जांच उपरांत जरूरतमंद मरीजों के ऑपरेशन किए जाने की प्रक्रिया निर्धारित की गई तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया। शिविर में 2370 रजिस्ट्रेशन किए गए। 350 को चश्मा वितरण किए गए एवं 252 ऑपरेशन के लिए सेलेक्ट किए गए। शिविर में बडी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर नेत्र जांच व उपचार का लाभ उठाया। यह नेत्र चिकित्सा शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सफलतापूर्वक संचालित हुआ। सभी ऑपरेशन आधुनिक तकनीकी से लैस युक्त किये जायेगे। इस ऑपरेशन में टांके नही लगाये जायेगे। वही जरुरतमंद मरीजो को निशुल्क चश्मा व दवाईया प्रदान की गइ। वही शिविर में रोगी व सहायक के लिए निशुल्क भोजन की भी व्यवस्था की गई। आयोजकों ने सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों, स्वयंसेवकों व लोगों का आभार जताया।

इस दौरान रिखबचंद सोलंकी, सुशील सोलंकी, दिनेश सोलंकी, राजेंद्र सोलंकी, रवि भावीन सोलंकी, ऋषभ सोलंकी, ओबाराम देवासी, हनुमानजी, इन्द्र मेहता, बसंत शाह, धनपद भंडारी, अयूब शेख सादिक, इंदु चौधरी, शकुंतला, रंजना, हेमा, ललिता, प्रेमलता, अपेक्षा अशोक गुर्जर, राजेंद्र भूतड़ा आदि कई लोग मौजूद थे।

# ग्राम पंचायत हरजी में रात्रि चौपाल आयोजित

**जालोर**, (का.सं.)। आहोर पंचायत समिति में प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना 2.0 में चयनित ग्राम पंचायत हरजी में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में शनिवार रात्रि 7 बजे मगनी देवी प्रशासक ग्राम पंचायत की अध्यक्षता एवं मुहम्मद जुनेद निदेशक एवं पदेन शासन सचिव की उपस्थिति में रात्रि आयोजित हुई। रात्रि चौपाल में प्रशासक मगनी देवी एवं उप सरपंच सम्मपत सोमपुरी ने निदेषक महोदय का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

रात्रि चौपाल में कमलेश्वर सोलंकी सहायक अभियन्ता ने बताया कि आहोर पंचायत समिति के 4 ग्राम पंचायतों में डोडियाली, चवरछा, थावला, हरजी में 5040 हैक्टर में 1411.00 लाख की परियोजना स्वीकृत हुई। इस स्वीकृति राशि के अन्तर्गत प्रवेश बिन्दु गतिविधि में 28.22 लाख प्रशिक्षण गतिविधि में 42.34 लाख एनआरएम गतिविधि में 874.94 लाख उत्पादन गतिविधि में 211.69 लाख रूपये का व्यय किया जायेगा। उन्होने बताया कि अभी तक ईपीए में तहत ऑपन जीम, विधालयों में प्रार्थना स्थल पर टीन सेट निर्माण तथा 5.0 हेक्टर में चारागाह विकसित किया गया है।

लक्ष्मण सिंह सान्दु अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि एमआरएम मद के तहत हरजी में नालों में एनीकट, चैक डैम निर्माण मेडबन्धी, फार्म पोण्ड, खेतों में, टांका निर्माण, पडत सरकारी भूमि में चारागाह में फलदार एवं छायादार वृक्षारोपण के कार्य करवाये जायेगा। हरजी परियोजना में सम्मिलित काश्तकारों को शत प्रतिशत विभागीय योजना से लाभान्वित किया जायेगा।

अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता भागीरत विश्नोई ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान करते हुये बताया कि परियोजना में गुणवता एवं उपयोगी कार्य करवाये जायेगें। एनिकट के निर्माण से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। जिससे काश्तकारों की आय में वृद्धि होगी।

रात्रि चौपाल में निदेशक मुहम्मद जुनैद ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना 2.0 में भारत सरकार राज्य में 10 स्वीकृति परियोजना में से एक परियोजना हरजी ग्राम पंचायत में स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि बाकली ग्राम के विकसित सेलडी चारागाह जैसा हरजी में भी चारागाह विकसित किया जाये। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण एवं कुसल सिचाई में माध्यम से हर खेत में पानी उपलब्धता सुनिश्चित करके कास्तकारों की आय बढाना है। प्रत्येक लाभाविन्त कारतकारों की कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करके प्रशिक्षित करना सुनिष्चित करें। निदेशक ने बैठक में मौजूद विभागीय अधिकारियों को कार्यो की गुणवता बनाये रखते हुवे परियोजनों के समस्त कार्यो को निर्धारित अवधि में पूर्व करने में निर्देश दिये गये। उन्होने ग्राम वासियों से योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने एवं काश्तकारों को राज्य स्तरीय भ्रमण कार्यक्रम में राज्य स्तर पर योजना में अच्छे कार्यो से अवगत करवाने का निर्देश दिया। प्रशासक मगनी देवी में बताया कि विद्यालय में ऑपन जीम निर्माण एंव खेल मैदान पर टीन शड के निर्माण से विधार्थी विद्यालय समय से पहले ही विधालय पहुचकर कसरत एवं खेलते है। प्रशासक ने निदेशक से एक आर ऑपन जिम निर्माण कार्य स्वीकृत करवाने की मांग की।

इस अवसर पर तहसीलदार आहोर, देवाराम बौराणा अतिरिक्त विकास अधिकारी, भागीरत सिंह रेजर वन विभाग, नरेन्द्र सिंह सहायक अभियन्ता पंचायत समिति आहोर, सुनील कुमार कनिष्ठ अभियन्ता, भवंरलाल माली जलग्रहण कमेटी सचिव, बुदाराम गोदारा ग्राम विकास अधिकारी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामीण एवं काश्तकार मौजूद रहे।

## डॉ. अर्शी नाज को 'वुमन्स ग्लोरी अवार्ड' मिला

**जोधपुर**, (कासं)। समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जोधपुर की नर्सिंगकर्मी डॉ. अर्शी नाज को जयपुर में आयोजित भव्य समारोह में 'वुमन्स ग्लोरी अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री मुग्धा गोडसे तथा हाईपेज के सीईओ गौरव गौतम ने डॉ. अर्शी नाज को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर इम्पैक्ट क्रिएटरः समाज में परिवर्तन लाने वाली प्रभावशाली महिला श्रेणी में उनके उल्लेखनीय सामाजिक, शैक्षिणक एवं चिकित्सकीय योगदान के लिए सम्मानित किया। गौरतलब है कि डॉ. अर्शी नाज जोधपुर के ईदगाह क्षेत्र निवासी वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद साजिद की पुत्री हैं, जबकि उनकी माता शहनाज बानो गृहिणी हैं। रविवार को जयपुर से जोधपुर लौटने पर रेलवे स्टेशन पर परिवारजनों एवं मित्रों ने माल्यार्पण कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी डॉ. अर्शी नाज को संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) से मान्यता प्राप्त ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी एवं पीपल फोरम ऑफ इंडिया (भारत सेवक समाज) के संयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित श्री सत्य साईं ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मानद डॉक्टरेट (पीएच.डी.) की उपाधि प्रदान की जा चुकी है।

# राजपूत छात्रावास रानीवाड़ा में 65 जनों का सम्मान



**रानीवाड़ा स्थित राजपूत छात्रावास में क्षत्रिय समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ।** फोटो-राष्ट्रदूत

**रानीवाड़ा**, (नि.सं.)। रानीवाड़ा स्थित राजपूत छात्रावास में क्षत्रिय समाजके प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित क्षत्रिय प्रतिभा सम्मान समारोह एक उत्सव बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षत्रिय कल्याण संस्थान रानीवाड़ा के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह कागमाला ने बताया कि वर्ष 2025 में समाज ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। सम्मान की इस सूची में वो चेहरे शामिल थे जिन्होंने माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षामें कीर्तिमान स्थापित किए। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समाज का गौरव बढ़ाया। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अपने बाहुबल और कौशल का प्रदर्शन किया। सरकारी सेवा में चयनित होकर शासन और प्रशासन में क्षत्रिय धर्म के निर्वहन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जब समाज के प्रबुद्ध जन और अधिकारी मंच पर आए, तो वातावरण उत्साह से भर गया।

वक्ताओं ने अपनी ओजस्वी वाणी से युवाओं के भीतर कर्तव्य बोध की ज्वाला प्रज्वलित की।

डॉ. हितेंद्र सिंह चौहान झाब, कोमल देवड़ा रतनपुर, महिपाल सिंह धामसीन और लक्ष्मण सिंह रतनपुर ने संबोधित किया।

प्रशासनिक अधिकारियों में खंगार सिंह चौहान (एसीबीओ),मोहर कंवर (जिला परिवीक्षा अधिकारी जालौर)और भवानी सिंह इंदा ( डीवाईएसपी रानीवाड़ा) ने सफलता के मंत्र साझा किए। राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से अर्जुन सिंह देवड़ा (पूर्व मंत्री),नारायण सिंह देवल (पूर्व विधायक), हिम्मत सिंह सोलंकी, राव मोहन सिंह चितलवाना, राघवेंद्र सिंह देवड़ा एवं छैल सिंह रतनपुर ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए समाज बंधु एकत्रित हुए। रावत मानवेंद्र देव देवड़ा (बड़गांव),ठाकुर गजेन्द्र सिंह मालवाड़ा,डॉ. गजेन्द्र सिंह देवल (पूर्व सीएमएचओ),हनवन्त सिंह देवड़ा (तहसीलदार)और छत्तर सिंह देवड़ा (सीआई रानीवाड़ा) आदि उपस्थित रहे।

विशेष रूप से, समाज के उन भामाशाहों का भी मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान किया गया, जिन्होंने अपनी उदारता से इस आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## नांदड़ी में सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को बाबा रामदेव मंदिर नांदड़ी में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के तहत अटल प्रगति पथ सहित 634.52 लाख रूपये के सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार राजस्थान के सतत् एवं समावेशी विकास के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा 2 वर्ष के कार्यकाल में राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास, सड़क निर्माण और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य करवाए ह

पटेल ने कहा नांदड़ी का विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा नांदड़ी अब नगर निगम क्षेत्र में शामिल हो गई है, जिससे आमजन को नगरीय सुविधाएं प्राप्त होगी। उन्होंने कहा क्षेत्र में सड़क, सीवरेज और स्ट्रीट लाइट से संबंधित कार्य चरणबद्ध रूप से करवाए जाएंगे। पटेल ने कहा कि नांदड़ी में जोधपुर विकास प्राधिकरण के माध्यम से लगभग 8 करोड़ रूपये की लागत से 9 सड़कें स्वीकृत करवाई गई। क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या के समाधान के लिए आरटीओ नाला निर्माण कार्य तय समयावधि में पूर्ण होगा। विधि मंत्री ने कहा नांदड़ी में समुचित पेयजल आपूर्ति के लिए संपूर्ण क्षेत्र को जोन में बांट कर नई पाइप लाइन और क्षतिठास्त पाइपलाइन को बदलने कार्य चरणबद्ध रूप से करवाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा पूर्ववर्ती सरकार के समय जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, जिसकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा जांच उपरांत जल जीवन मिशन के कार्य भी पूरे करवाए जायेंगे।

## बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन

**पाली**, (नि.सं.)। शाम 5 बजे सुरजपोल चोराहे पर शिव सेना शिंदे जिला प्रमुख तख्तसिंह सोलंकी व जिला प्रवक्ता राजु देवासी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन कर बांग्लादेश के झंडे जलाए।

शिव सेना नेता प्रकाश वेष्णव ने बताया कि आज बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन कर भारत सरकार से बांग्लादेशी हिन्दूओं की सुरक्षा को लेकर कदम उठाने की मांग रखी।

प्रदर्शन मे बांग्लादेश के झंडे जलाएं गए तथा नारेबाजी की गई प्रदर्शन मे नरेश प्रजापत, मनोज गर्ग, प्रकाश वेष्णव, रमेश बंजारा, संजय कालसा, हिरालाल बंजारा, प्रवीण सिंह इंदा,मगराज पादरली,राम निवास देवासी, विकास राठोड़,भुराराम परिहार, भंवर मेगवाल, गोविन्द प्रजापत, दोलत तनवानी, दिनेश देवडा, नरेंद्र मारू, रमेश बंजारा, प्रकाश नायक, नाथु भाई गवारिया, मुकेश सेन, महेंद्र मांडा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 0 जोड़ी ट्रेनों में अस्थाई अतिरिक्त डिब्बों की बढ़ोतरी

**जोधपुर**, (कासं)। नव वर्ष एवं त्योहारी सीजन के दौरान बढ़े हुए यात्री यातायात को देखते हुए रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर मंडल से चलने एवं गुजरने वाली 10 जोड़ी ट्रेनों में अस्थाई रूप से अतिरिक्त डिब्बे लगाए जा रहे हैं। यह व्यवस्था 1 से 31 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि इस अवधि में रणकपुर, इंटरसिटी, इंदौर, रणथंबोर, मरुधर, दादर, साबरमती, जैसलमेर एवं हमसफर सहित विभिन्न ट्रेनों में एसी थ्री टियर, स्लीपर तथा जनरल श्रेणी के अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे जिससे प्रतीक्षा सूची व जनरल टिकट वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि इस अवधि में ट्रेन संख्या 14707/14708 हनुमानगढ़-दादर-हनुमानगढ़ रणकपुर एक्सप्रेस में एक एसी थ्री टियर,ट्रेन संख्या 22977/22978 जयपुर-जोधपुर-जयपुर इंटरसिटी सुपरफास्ट में एक फर्स्ट मय सेकंड एसी क्लास व एक एसी थ्री टियर तथा ट्रेन 14801/14802 जोधपुर-इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस में एक स्लीपर और तीन जनरल डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार ट्रेन संख्या 12465/12466 इंदौर-भगत की कोठी-इंदौर रणथंबोर सुपरफास्ट में एक स्लीपर और तीन जनरल और ट्रेन संख्या 14854/14864/14866 व 14853/14863/14865 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस में एक एसी थ्री टियर डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी से प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

इसी तरह ट्रेन संख्या 14807/14808 जोधपुर-दादर-जोधपुर एक्सप्रेस,ट्रेन संख्या 20483/20484 भगत की कोठी-दादर-भगत की कोठी सुपरफास्ट , ट्रेन संख्या 20485/20486 जोधपुर-साबरमती-जोधपुर सुपरफास्ट और ट्रेन संख्या 20492/20491 साबरमती-जैसलमेर-साबरमती सुपरफास्ट प्रत्येक में एक-एक थ्री टियर एसी तथा दो-दो स्लीपर क्लास के डिब्बे अस्थाई तौर पर जोड़े जा रहे हैं।

वहीं ट्रेन संख्या 20481/20482 भगत की कोठी-तिरुचिरापल्ली-भगत की कोठी हमसफर साप्ताहिक सुपरफास्ट में एक स्लीपर डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

# हस्तशिल्प उत्सव मेले में लोगों की भीड़

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के रामलीला मैदान में आयोजित हो रहे पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2026 को लेकर पिछले चार दिनों में जबरदस्त उत्साह नजर आया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार ओर रविवार को अवकाश होने के चलते शहरवासी मेले को देखने उमड़ पड़े और देर शाम तक पूरे मेले में भारी भीड़ नजर आई।

मेला मुख्य संयोजक महावीर चोपड़ा ने बताया कि मेले की नोडल एजेंसी लघु उद्योग भारती की ओर से इस बार मेले को आकर्षक बनाने के लिए कई नवाचार किए गए और आमजन को यह सभी नवाचार काफी पसंद आ रहे हैं।

मेले में प्रवेश द्वार के पास हस्तशिल्प उत्पादों से सजी विशेष स्टॉल्स दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

वहीं सेंटल पांडाल के बाहर सियाचिन ग्लेशियर बॉर्डर पर सेना के शौर्य को प्रदर्शित करने वाली झांकी सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही।

लघु उद्योग भारती के प्रांत महामंत्री सुरेश कुमार विश्नोई ने बताया कि मेले में विशेष रूप से स्थापित बोइंग विमान, ब्रह्मोस मिसाइल , एस 400 की प्रतिकृति भी लोगों के आकर्षण का केंद्र है। सेंट्रल पंडाल में जोधपुर शहर के सभी औद्योगिक इकाइयों के बेहतरीन उत्पादों की प्रदर्शनी सजाई गई है और यह सेंट्रल पंडाल मेला देखने के लिए आने वाले लोगों को काफी पसंद आ रहा है, साथ ही उन्हें कई नवीन जानकारियां भी मिल रही है। मेले में जबरदस्त भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने भी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद बनाए रखा।

मेले में आने वाले लोगों के लिए बनाया गया फूड जोन और किड्स जॉन भी शनिवार और रविवार को पूरी तरह से पैक नजर आया।

मेले में आने वाले बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किड्स जोन देखकर बच्चे उत्साहित नजर आए। मेले में हर आयु वर्ग के लोगों के लिए झूले लगाए गए हैं। वही फूड जोन में भी रविवार को खासी भीड़ नजर आई।

मेला घूमने के बाद परिवार के साथ आए लोगों ने यहां के स्वादिष्ट और व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव के तहत लघु उद्योग भारती महिला इकाई की से प्रतिदिन आयोजित हो रही विभिन्न प्रतियोगिताओ की श्रृंखला में रविवार को बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 50 से अधिक बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से रेखांकित किया।

कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे वहीं राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्रिंसिपल लबीना कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रहीं।

# जोधपुर पोलो : ऑप्टिमस अचीवर्स ने जीता कप

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, लेफ्टिनेंट जनरल एवीएम एच.एच. महाराजा उम्मेदसिंह जी एयरपोर्ट रोड पाबूपुरा में चल रहे 26वें जोधपुर पोलो सीजन 2025 में रविवार 28 दिसम्बर को एच.एच. महाराजा ऑफ जोधपुर कप (8 गोल) टूर्नामेंट के का फाइनल दोपहर 2.30 बजे ऑप्टिमस अचीवर्स और नेवी पोलो सेन्ट्रल एकेडमी टीमों के बीच खेला गया, जिसमें ऑप्टिमस अचीवर्स की टीम चार गोल के मुकाबले छह गोल कर दो गोल के अन्तर से जीत दर्ज करते हुए कप पर कब्जा जमाने में सफल रही। समान हैण्डीकेप आठ-आठ गोल की टीमें होने के कारण मैदान में उपस्थित पोलो प्रेमियों को रोचक खेल देखने को मिला।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि दोपहर 3.30 बजे लेडीज पोलो के प्रदर्शन मैच में मेहरानगढ़ वॉरियर्स ने मण्डोर नाईट्स को तीन के मुकाबले साढे चार गोल कर डेढ गोल के अन्तर से मैच जीता। मैच के दौरान जोधपुर पोलो के संरक्षक पूर्व महाराजा गजसिंह जी व फ्रेडिक कांस्टेंट के अरूण डिसिल्वा मैदान में उपस्थित थे, जिन्होंने मैच समाप्ति पर विजेता टीम के खिलाड़ियों को कप व ट्रॉफियां प्रदान की। गजसिंह ने विक्रम राठौड़ की 'पोलो पौनी' मिर्ची को बेस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें सेडल प्रदान की। मैदान में उपस्थित मेहरानगढ़ बैण्ड व नाइन प्लेयड आर्मी पाईप वन मद्रास इंफ्रैन्ट्री बैण्ड ने मनोरंजन किया।

## गोष्ठी आयोजित

**जैसलमेर**, (नि.सं.)।भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को जैसलमेर स्थित कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस मनाया गया। गोष्ठी में कांग्रेस नेताओं ने विचार व्यक्त किए।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमरदीन फकीर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि देश की आज़ादी, लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की विचारधारा है। कांग्रेस ने आज़ादी की लड़ाई से लेकर आज तक हर दौर में देश को दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और आमजन के अधिकारों पर संकट है, ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।

# सक्षम का अधिवेशन संपन्न

**पोकरण**, (निसं)। राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण दिवस के अवसर पर समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) संस्थान की ओर से प्रथम जिला अधिवेशन का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पोकरण में विधायक महंत प्रताप पुरी महाराज के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

मंच पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में विष्णु कुमार (एसीबीओ प्रथम), कुंवर परमविजय सिंह ठिकाना पोकरण, दिनेश शर्मा (अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, जैसलमेर), महेन्द्र व्यास, राजेन्द्र पालीवाल (सीएमएचओ, जैसलमेर) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे, जिन्होंने अपने विचार व्यक्त किए। प्रथम जिला अधिवेशन के अवसर पर सक्षम के संरक्षक अमृतलाल भूतडा ने जैसलमेर जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। नवनियुक्त पदाधिकारियों का अतिथियों ने स्वागत एवं सम्मान किया। 100 से अधिक दिव्यांगजनों को सम्मानित किया। सहयोगी भामाशाहों का भी सम्मान किया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बागरा,**
**पं.स. जालोर जिला जालोर**

क्रमांक- ग्रा.प./2025-26/127 दिनांक-26.12.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26**

ग्राम पंचायत बागरा द्वारा कुल 1 कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधान विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**NIB NO. ZJR2526A0679, UBN NO. ZJR2526WSOB01093**

सरपंच/प्रशासक (अशोक कुमार)
ग्राम पंचायत बागरा ग्राम विकास अधिकारी
पं.स. जालोर (राज.) ग्राम पंचायत बागरा
पं.स. जालोर (राज.)